डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकःसीओई– 162 / **FNo.COE-63** / परीक्षा / सम्बद्धता / **JNSTTI-016/HDC-022/2022-23** दिनांक 07 .07.2022

ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

{शैक्षणिक सत्र 2021–22 में अधिसत्र परीक्षान्तर्गत–माह जुलाई, 2022 में प्रस्तावित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा–आयोजन के संबंध में}

विश्वविद्यालय से निम्नानुसार सम्बद्ध / सम्बद्ध रह चुके संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रम की शैक्षणिक सत्र 2021–22 में अधिसत्र परीक्षान्तर्गत–माह जुलाई, 2022 में प्रस्तावित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रक्रियान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर ऑन–लाइन आवेदन भरे जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय–

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा प्रदत्त आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिये गये निर्णयानुसार जयनन्द स्पेशल टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट, फैजाबाद द्वारा B.Ed.Spl.Ed.(I.D.) पाठ्यक्रम में बैच–2017–18 के प्रवेशित अभ्यर्थियों के दृष्टिगत् शैक्षणिक सत्र 2021–22 में पंजीकृत अर्ह / पात्र अभ्यर्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजन से पूर्व प्रक्रियान्तर्गत सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 08.07.2022 से दिनांक 15.07.2022 तक** विश्वविद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित लिंक https://dsmnruerp.in/ exam-form-login से अपने नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (EnrollmentNo./RollNo.) के माध्यम से Login करते हुए परीक्षा हेतु आवेदन को ऑन–लाइन भर सकते हैः–

इसी प्रकार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हैण्डीकैप्ड डेवलपमेंट काउन्सिल टीयर्स कॉलेज ऑफ स्पेशल एजूकेशन, आगरा द्वारा संचालित B.Ed.Spl.Ed.(I.D.) पाठ्यक्रम में सत्र 2021–22 में पंजीकृत अर्ह / पात्र अभ्यर्थियों की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आयोजन से पूर्व प्रक्रियान्तर्गत सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 08.07.2022 से दिनांक 15.07.2022 तक** विश्वविद्यालय स्तर पर अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित लिंक https://dsmnruerp.in/exam-form-login से अपने नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (EnrollmentNo./ RollNo.) के माध्यम से Login करते हुए परीक्षा हेतु आवेदन को ऑन–लाइन भर सकते हैः–

1). उपरोक्तानुसार आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN) में उक्त सेमेस्टर परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क रू0 2000 / –मात्र सहित शुल्क–धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अभ्यर्थी / संबंधित संस्थान की होगी।

अतः परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी। अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक / संबंधित संस्थान / कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे। अभ्यर्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखें।

2). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु हेल्पलाइन नं0–9667277184 / Email-dsmnru.help@ gmail.com पर सम्पर्क करें।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य / प्रबन्धक, जयनन्द स्पेशल टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट, फैजाबाद को इस आशय से कि वे भी अपने स्तर से अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही / अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने संस्थान में सुरक्षित रखें तथा उसका सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. प्राचार्य / प्रबन्धक, हैण्डीकैप्ड डेवलपमेंट काउन्सिल टीयर्स कॉलेज ऑफ स्पेशल एजूकेशन, आगरा को इस आशय से कि वे भी अपने स्तर से अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही / अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने संस्थान में सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
8. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।

07/7/22

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक